## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–24.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने आकांक्षी जिला पलामू में सुशासन सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला को किया संबोधित, राज्य सरकार पर जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में शिथिलता बरतने का लगाया आरोप।
- राज्य सरकार ने अपने कर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में की तीन प्रतिशत की वृद्धि, मंत्रिपरिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।
- राज्य में पहली बार आयोजित किया गया पेसा दिवस समारोह, केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव ने कहा– जनजातीय क्षेत्रों में पेसा लागू करना आवश्यक।
- रांची समेत राज्यभर में प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन, चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा।
- और
- हजारीबाग के छात्र नील कुमार पांडेय का 13 वर्ष की छोटी उम्र में नेशनल शूटिंग ट्रायल के लिए हुआ चयन।

******************

सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डाक्टर एल मुरुगन ने राज्य सरकार पर जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में शिथिलता बरतने का आरोप लगाया है। तीन दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंचे श्री मुरगन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस मद में पांच वर्ष पूर्व ही केन्द्र सरकार ने झारखंड को आवश्यक राशि प्रदान कर दी थी, लेकिन राज्य सरकार के दिलचस्पी नहीं लिये जाने से इसका अपेक्षित क्रियान्वयन नहीं हो पाया है।

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके तहत नल के माध्यम से प्रत्येक घर में शुद्ध जल पहुंचाया जा रहा है। इससे पहले डॉक्टर मुरूगन ने पलामू में सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनहित में केन्द्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी दी।

******************

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पलामू में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। डाक्टर एल मुरुगन ने आज पलामू जिले के चियांकी स्थित क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संतरे और अमरूद के बगीचों का जायजा लिया। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने केन्द्रीय राज्यमंत्री को संस्थान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

******************

राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल दस प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी।

******************

राजधानी रांची में आज पंचायती राज विभाग की ओर से राष्ट्रीय पेसा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज समेत कई गणमान्य लोगों ने पेसा अधिनियम की जानकारी को साझा किया। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने झारखंड में पेसा के क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की कानून व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठाये हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज गिरिडीह में दामोदर गोप के परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की। दामोदार गोप की अपराधियों ने पिछले दिनों हत्या कर दी थी। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में बढ़ रही आपराधिक गतिविधियां सरकार की विफलता का परिणाम है। पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने गिरिडीह के गांवा समेत राज्य के कई जिलों में जनसंख्या से अधिक आधार कार्ड बनाये जाने पर भी सरकार पर निशाना साधा और मामले की जांच की मांग की।

******************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का भी वितरण किया जायेगा। 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को इस बार पुरस्कार के लिए चुना गया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इन बच्चों को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

******************

लातेहार जिले में स्थित पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों को रोकने के लिए विशेष पहल की गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र से पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया– पीएलएफआई के उग्रवादी कैला यादव को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने इसकी पुष्टि की है।

******************

रांची समेत राज्यभर में प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव– क्रिसमस को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। चर्चों में आज आधी रात विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जायेगा। क्रिसमस को लेकर गिरिजा घरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। मसीही समुदाय के लोग पूरे परिवार के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं।

******************

हजारीबाग के लुपुंग के रहने वाले 13 वर्षीय नील कुमार पांडे का चयन 10 मीटर नेशनल शूटिंग ट्रायल के लिए हुआ है। ट्रायल में सफलता प्राप्त करने के बाद वे देश के लिए निशाना लगाते हुए दिखेंगे। नील कुमार पांडे झारखंड के सबसे कम उम्र के निशानेबाज हैं, जिनका नेशनल ट्रायल के लिए चयन किया गया है। नील कुमार पांडे का कहना है कि ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनका सपना है।

******************

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज वर्चुअल माध्यम से कई पहलों की शुरुआत की। श्री जोशी ने उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न की पहचान करने के लिए जागो ग्राहक जागो ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैशबोर्ड शुरू किया।

*****समाप्त************